**ग्राम पंचायत फरेढ़, विकास खण्ड भवारना, ज़िला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश के**

**अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का**

**अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

**भाग-एक**

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपें जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत फरेढ़, विकास खण्ड भवारना, जिला काँगड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :-**

**प्रधान:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति सोनू राधा | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**सचिव :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री नरेश कुमार | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**तकनीकी सहायक :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री विमल आचार्य | 01/04/2022 से 24/11/2023 |
| 2. | श्री रमन कुमार | 25/11/2023 से 05/03/2024 |
| 3. | श्री पवन कुमार | 06/03/2024 से 31/03/2024 |

ग्राम रोजगार सेवक :-

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री रंजीत सिंह | 01/04/2022 से 31/03/2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत फरेढ़ के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र०सं० | पैरा सं० | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 4.1 | रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में अन्तर पाया जाना | **0.12** |
| 2. | 4.3 | ई ग्राम स्वराज (Online) पर लेखों को नियमानुसार संधारण/अद्यतन न करने के कारण हस्तलिखित लेखों के आकड़ों में परस्पर बहुत ज्यादा अंतर पाया जाना | **23.74** |
| 3. | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | **28.81** |
| 4. | 7 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | **5.73** |
| 5. | 8.1 | आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण सरकार को रॉयल्टी के रूप राजस्व की संभावित वित्तीय हानि पाई जाना | **0.36** |
| 6. | 8.2 | औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक/स्टोर का क्रय करना | **4.15** |
| 7. | 8.3 | मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई हेतु अपेक्षाकृत अधिक भुगतान की अंकेक्षण के दौरान वसूली करना | **0.03** |
| 8. | 9.1 | मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्यों के मस्ट्रोलों को भुगतान हेतु पारित न करना, मस्ट्रोल का निर्माण एवं सतर्कता कमेटी से सत्यापन न करना और बिना संयुक्त अदायगी आदेश के मस्ट्रोल का भुगतान करना | **3.62** |
| 9. | 10.4 | विवाह पंजीकरण से प्राप्त शुल्क को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करना | **0.11** |

## भाग – दो

**2. वर्तमान अंकेक्षण**

ग्राम पंचायत फरेढ़, विकास खण्ड भवारना, ज़िला काँगड़ा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री दीपक सिंह पठानिया, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 04.07.2024 से 16.07.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:-

| वित्तीय वर्ष | आय (माह) | व्यय (माह) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 03/2023 | 05/2022 |
| 2023-24 | 11/2023 | 02/2024 |

**<u>अस्वीकरण (Disclaimer):</u>** - ***इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियंत्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध्] न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।***

**3. अंकेक्षण शुल्क**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹5600/-** आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला - 171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण ज्ञापन संख्या: 09/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 62 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र ही शुल्क की अदायगी कर दी जाएगी।

**4. वित्तीय स्थिति:-**

**(क)** पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 18/2024 दिनांक 04.07.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 के

लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट - "क"** और **"ख"** में दिया गया है:-

**1. स्व: स्त्रोत:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 485082.93 | 477395.20 | 962478.13 | 502132.00 | 460346.13 |
| 2023-24 | 460346.13 | 708668.00 | 1169014.13 | 679656.00 | 489358.13 |

**2. अनुदान:-**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4-5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 2555163.84 | 4440248.00 | 6995411.84 | 3927628.29 | 3067783.55 |
| 2023-24 | 3067783.55 | 2839879.00 | 5907662.55 | 3026952.00 | 2880710.55 |

**कुल योग (1+2)** = 489358.13 + 2880710.55 = **3370068.68**

**(ख) बैंक समाधान विवरणी:-**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति के अन्तशेष **₹33,70,068.68** तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि के अन्तशेष **₹33,82,276.68 (परिशिष्ट - "ग")** से सम्बन्धित विवरणी निम्नानुसार है: -

| क्र० | अनुदान | बैंक | खाता संख्या | बैंक अंत शेष 31.03.24 को |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि (Own Source) | HDFC क़स्बा सुलह | 50100174980333 | 29046.00 |
| 2 | सभा निधि (Own Source)/ 5वां राज्य वित्त (5th SFC) | KCCB ठाकुरद्वारा | 20141006853 | 464257.13 |
| 3 | मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (MMGPY) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101012556 | 5621.00 |
| 4 | विधायक क्षेत्र विकास निधि (VKVNY)/ सांसद निधि (MPLAD) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101012557 | 24077.00 |
| 5 | प्राकृतिक आपदा (Natural Calamity) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101012558 | 27040.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | ज़िला परिषद (ZP)/पंचायत समिति (PS)/ राज्य आपदा राहत कोश (SDRF) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101012560 | 111282.84 |
| 7 | ज़िला परिषद (ZP) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101012561 | 436.00 |
| 8 | 14 वां वित्त आयोग (14 FC) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101015282 | 808444.00 |
| 9 | 15 वां वित्त आयोग (15 FC) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101015566 | 1911808.71 |
| 10 | हस्तगत शेष (स्व स्त्रोत) | | | 264.00 |
| | बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योग : | | | 3382276.68 |
| | **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :-** | | | |
| | पंचायत के बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेष:- | | | **₹33,82,276.68** |
| | रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार पैरा4(क) अन्तशेष :- | | | **₹33,70,068.68** |
| | **अंतर :-** | | | **₹12,208.00** |

**नोट :- अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

**4.1 रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों का मिलान न करने के कारण अन्तशेष में राशि ₹0.12 लाख का अन्तर पाया जाना:-**

रोकड़ बहियों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) व 10 (1) के अनुसार पंचायतों को रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य है।

अंकेक्षण के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों के शेषों में दिनांक 31.03.2024 को उपरोक्त पैरा 4 के अनुसार **₹12,208.00** की राशि का अन्तर पाया गया जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान न करना नियमों के विरुद्ध होने के कारण अनियमित है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 59 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार रोकड़ बहियों का बैंक शेषों से मिलान कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाए व वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

ANNUAL REPORT

**4.2 खाता "क" तथा "ख" को नियमानुसार संधारित न करने बारे: -**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई संहिता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता-क खोला जाएगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई संहिता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनों के लिये आबंटित निधियाँ और प्राप्त ऋण के लिये खाता-ख खोला जाएगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच.-एच.ए. (5)सी (15)-(13) (एल) 5-47005-81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अपनी आय (स्वः-स्त्रोत) के खाते को पृथक नहीं रखा गया है बल्कि स्वः-स्त्रोत में 5वां राज्य वित्त आयोग से प्राप्त राशि का आय व्यय सम्मिलित किया गया था। इसके अलावा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार निम्नलिखित अनुदानों के लिए संयुक्त बैंक खाता एवं एक से अधिक बैंक खाता खोलने संबंधी अनियमितता पाई गई:-

| क्र०सं० | अनुदान शीर्ष | बैंक | खाता सं० |
|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि (Own Source) | HDFC क़स्बा सुलह | 50100174980333 |
| 2 | सभा निधि (Own Source) व 5वां राज्य वित्त (5th SFC) | KCCB ठाकुरद्वारा | 20141006853 |
| 3 | विधायक क्षेत्र विकास निधि (VKVNY) व सांसद निधि (MPLAD) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101012557 |
| 4 | ज़िला परिषद (ZP), पंचायत समिति (PS) व राज्य आपदा राहत कोश (SDRF) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101012560 |
| 5 | ज़िला परिषद (ZP) | केनरा बैंक मारंडा | 2065101012561 |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा बैंक खातों का संचालन वर्णित नियमों एवं निर्देशों के विरुद्ध है जिस कारण सभा निधि, 5वां राज्य वित्त, विधायक क्षेत्र विकास निधि, सांसद निधि, ज़िला परिषद, पंचायत समिति व राज्य आपदा राहत कोष अनुदानों के आरंभिक

शेष व अंत शेष की पुष्टि नहीं की जा सकी। यह पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 59 दिनांक 16.07.2024 द्वारा उत्तर दिया गया कि भविष्य में नियमानुसार खाता "क" व "ख" को पृथक कर लिया जाएगा और स्कीमवार अनुदानों के पृथक बैंक खाते खोल लिए जाएंगे व कृत अनुपालन से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये व खाता "क" व "ख" को पृथक करना सुनिश्चित किया जाए और अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत सभा निधि, 5वां राज्य वित्त, विधायक क्षेत्र विकास निधि, सांसद निधि, ज़िला परिषद, पंचायत समिति व राज्य आपदा राहत अनुदानों का पृथक बैंक खाता खुलवा कर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**4.3 ई ग्राम स्वराज (Online) पर लेखों को नियमानुसार संधारण/अद्यतन न करने के कारण हस्तलिखित लेखों के आकड़ों में ₹23.74 लाख का परस्पर बहुत ज्यादा अंतर पाया जाना :-**

ANNUAL REPORT

पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में E-Panchayat Mission Project (MPP) प्रारम्भ की गई है, जिसका क्रियान्वयन पंचायती राज विभाग हि०प्र० पंचायती राज (सामान्य) नियम 1997 के नियम 34 में वर्णित सभी रजिस्टरों को कागज रहित प्रणाली के अंतर्गत E-Panchayat में बदलने का कार्य भी पंचायती राज विभाग की प्राथमिकता है।

अंकेक्षण अवधि के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा लेखों का अनुरक्षण हस्तलिखित तथा ई-ग्राम स्वराज (Online)दोनों माध्यम से किया जा रहा है तथा जो लेखे ई-ग्राम स्वराज में बनाये जा रहें है, बैंक खातों/हस्तलिखित रोकड़ बही से मिलान नहीं खाते। परिणामस्वरूप **₹23,73,986.23** का अंतर पाया गया जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " घ "** पर संलग्न है एवं निम्नलिखित है:-

(क) ई-ग्राम स्वराज में दर्ज वार्षिक प्राप्ति/व्यय व हस्तलिखित रोकड़ बही अनुसार वार्षिक प्राप्ति/व्यय में अंतर का विवरण {Except MNREGA and SBM (PFMS)}:-

| वित्तीय वर्ष | प्राप्ति | | | भुगतान | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई-ग्राम स्वराज अनुसार राशि | रोकड़ बही अनुसार राशि | अंतर की राशि | ई-ग्राम स्वराज अनुसार राशि | रोकड़ बही अनुसार राशि | अंतर की राशि |
| 2022-23 | ₹22,06,887.20 | ₹21,62,651.20 | ₹ 44,236.00 | ₹17,19,004.29 | ₹16,77,384.29 | ₹ 41,620.00 |
| 2023-24 | ₹16,25,331.00 | ₹13,22,905.00 | ₹3,02,426.00 | ₹17,83,392.00 | ₹12,73,463.00 | ₹ 5,09,929.00 |

(ख) ई-ग्राम स्वराज में दर्शाये गए बैंक शेष व हस्तगत नगद शेष तथा बैंक पास बुक अनुसार अंतशेष व हस्तगत नगद शेष में अंतर का विवरण {Except MNREGA and SBM (PFMS)} :-

| वित्तीय वर्ष | ई-ग्राम स्वराज अनुसार बैंक शेष व हस्तगत नगद शेष | बैंक पास बुक अनुसार बैंक शेष व हस्तगत नगद शेष | अंतर |
|---|---|---|---|
| 2023-24 | 57,23,462.91 + 32,800.00 (हस्तगत नगद) = 57,56,262.91 | 33,82,012.68 + 264.00 (हस्तगत नगद) = 33,82,276.68 | **₹23,73,986.23** |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 59 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार रोकड़ बहियों का संधारण ई ग्राम स्वराज पर कर लिया जाएगा व अंतर का मिलान करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अत: अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**4.4 बजट प्राक्कलन तैयार न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 37 के अनुसार सचिव द्वारा प्रारूप -11 में पंचायत के आय व व्यय के प्राक्कलन तैयार करके ग्राम सभा में पारित करना अपेक्षित था।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान पंचायत का बजट प्राक्कलन नियमानुसार तैयार नहीं किया गया था अपितु कार्यवाही रजिस्टर में तैयार एवं पारित किया गया था। सचिव द्वारा निर्धारित प्रारूप -11 पर बजट प्राक्कलन तैयार/ अनुमोदित

न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार बजट प्राक्कलन को निर्धारित प्रारूप -11 के अनुसार तैयार करना सुनिश्चित किया जाए।

5. **निवेश**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास प्रतिवर्ष स्व:-स्त्रोत में कृत व्यय की तुलना में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 59 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में निवेश नहीं किया गया था। भविष्य में नियमानुसार सावधि निवेश कर लिया जाएगा व आगामी अंकेक्षण को सूचित कर दिया जाएगा।

अत: अंकेक्षण को दिये आश्वासन की दृष्टिगत भविष्य में नियमानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

6. **अनुदान राशि ₹28.81 लाख का अवरोधन :-**

ANNUAL REPORT

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **9** के अनुसार पंचायत द्वारा विभिन्न अनुदानों को फंडिंग एजेंसी के दिशा-निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक 18/2024 दिनांक 04.07.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट - " क "** व **परिशिष्ट - " ख "** पर संलग्न है के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से **₹ 28,80,710.55** की राशि उपयोग हेतु शेष थी जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे

विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 59 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए इसके व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी को स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा राशि का प्रत्यार्पण सम्बन्धित संस्था को किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को भी अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

**7. पंचायत राजस्व राशि ₹5.73 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना:-**

**7.1 संपत्ति कर / गृहकर राशि ₹2.24 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना:-**

ANNUAL REPORT

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34(2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संपत्ति कर / गृहकर मांग व संग्रहण पंजिका अपूर्ण थी। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 01/2024/फरेढ़ दिनांक 06.07.2024 की अनुपालना में पत्र क्रमांक 54 दिनांक 08.07.2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार पंचायत ने अपने अधिकार क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 व वित्तीय वर्ष 2023-24 में ₹50/- प्रति परिवार प्रति वर्ष की दर से गृह कर आरोपित किया था एवं राशि **₹2,23,740.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.24 को शेष थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " ङ "** पर संलग्न है। संपत्ति कर/गृहकर से संबंधित मांग व संग्रहण पंजिका अपूर्ण होने के कारण लम्बित गृह कर तथा वसूली का पूर्ण पता नहीं लगाया जा सका। संपत्ति कर/गृहकर की नियमित वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

**वसूली हेतु शेष संपत्ति कर / गृहकर राशि का विवरण :-**

| अवधि | अथशेष | कुल परिवार | गृहकर वार्षिक दर | मांग | योग (कालम 2+5) | प्राप्ति | वसूली हेतु शेष राशि (कालम 6-7) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 2022-23 | ₹1,95,240.00 | 685 | ₹ 50.00 | ₹ 34,250.00 | ₹2,29,490.00 | ₹42,650.00 | ₹1,86,840.00 |
| 2023-24 | ₹1,86,840.00 | 786 | ₹ 50.00 | ₹ 39,300.00 | ₹2,26,140.00 | ₹2,400.00 | ₹2,23,740.00 |

उपरोक्त तालिका में वर्णित तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है तथा पंचायत का बकाया राजस्व इसी गति से बढ़ता रहा तो एक समय पर इसे वसूलना असम्भव हो जायेगा।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 59 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि गृहकर रजिस्टर का संधारण कर लिया जाएगा व गृहकर की शीघ्र वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया पंचायत राजस्व राशियों की अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार संपत्ति कर / गृहकर से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण कर प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

ANNUAL REPORT

**7.2 दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹3.49 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना.-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम **2002** के नियम **34(2)** के अनुसार पंचायत को देय कोई भी रकम पर्याप्त कारणों के बिना परादेय (outstanding) नहीं रखी जायेगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दुकानों के किराये से संबंधित मांग व संग्रहण पंजिका असंधारित थी। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 02/2024/फरेढ़ दिनांक 06.07.2024 की अनुपालना में पत्र क्रमांक 55 दिनांक 08.07.2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई

सूचना के अनुसार राशि **₹3,49,000.00** के पंचायत राजस्व की वसूली दिनांक 31.03.24 को शेष थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट - " च "** पर संलग्न है। दुकानों के किराये से संबंधित मांग व संग्रहण पंजिका असंधारित होने के कारण लम्बित दुकानों के किराये तथा वसूली का पूर्ण पता नहीं लगाया जा सका। दुकानों के किराये की नियमित वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

**(क) दुकानों का वसूली हेतु शेष किराये का समेकित विवरण :-**

| वित्तीय वर्ष | अथशेष | दुकानों की संख्या | मांग | योग | प्राप्ति | वसूली हेतु शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | ₹2,79,600.00 | 6 | ₹43,200.00 | ₹3,22,800.00 | ₹16,800.00 | ₹3,06,000.00 |
| 2023-24 | ₹3,06,000.00 | 6 | ₹43,200.00 | ₹3,49,200.00 | ₹0.00 | ₹3,49,200.00 |

**(ख) वसूली हेतु शेष दुकानों के किराये का आबंटियों/किरायेदारों द्वारा परादेय राशि का विवरण :-**

| क्र० | आबंटियों/ किरायेदारों का नाम | वर्ष | किराये की मासिक दर | अथशेष | मांग | योग | प्राप्ति | परादेय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मेहर चंद सुपुत्र श्री सावन मल | 2022-23 | ₹800.00 | ₹91,200.00 | ₹9,600.00 | ₹1,00,800.00 | ₹4,800.00 | ₹ 96,000.00 |
| | | 2023-24 | ₹800.00 | ₹96,000.00 | ₹9,600.00 | ₹1,05,600.00 | ₹ 0.00 | ₹1,05,600.00 |
| 2 | श्री हंस राज सुपुत्र श्री दुलो राम | 2022-23 | ₹800.00 | ₹57,600.00 | ₹9,600.00 | ₹67,200.00 | ₹4,800.00 | ₹62,400.00 |
| | | 2023-24 | ₹800.00 | ₹62,400.00 | ₹9,600.00 | ₹72,000.00 | ₹ 0.00 | ₹72,000.00 |
| 3 | श्री रजिन्दर कुमार | 2022-23 | ₹600.00 | ₹ 0.00 | ₹7,200.00 | ₹7,200.00 | ₹7,200.00 | ₹ 0.00 |
| | | 2023-24 | ₹600.00 | ₹ 0.00 | ₹7,200.00 | ₹7,200.00 | ₹ 0.00 | ₹7,200.00 |
| 4 | श्री बलवीर सिंह सुपुत्र श्री बिशन दास | 2022-23 | ₹400.00 | ₹39,600.00 | ₹4,800.00 | ₹44,400.00 | ₹ 0.00 | ₹44,400.00 |
| | | 2023-24 | ₹400.00 | ₹44,400.00 | ₹4,800.00 | ₹49,200.00 | ₹ 0.00 | ₹49,200.00 |
| 5 | श्रीमती मोनिका शर्मा पत्नी श्री प्रवीण कुमार | 2022-23 | ₹500.00 | ₹36,000.00 | ₹6,000.00 | ₹42,000.00 | ₹ 0.00 | ₹42,000.00 |
| | | 2023-24 | ₹500.00 | ₹42,000.00 | ₹6,000.00 | ₹48,000.00 | ₹ 0.00 | ₹48,000.00 |
| 6 | श्री अशोक कुमार सुपुत्र श्री बिशन दास | 2022-23 | ₹500.00 | ₹55,200.00 | ₹6,000.00 | ₹61,200.00 | ₹ 0.00 | ₹61,200.00 |
| | | 2023-24 | ₹500.00 | ₹61,200.00 | ₹6,000.00 | ₹67,200.00 | ₹ 0.00 | ₹67,200.00 |

उपरोक्त तालिका में उल्लेखित तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है तथा पंचायत का बकाया राजस्व इसी तरह बढ़ता रहा तो एक समय पर इसे वसूल पाना असम्भव हो जायेगा।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 59 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि दुकानों के किराये से संबंधित मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण कर लिया जाएगा व दुकानों के किराये की शीघ्र वसूली करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः पंचायत राजस्व किन कारणों से परादेय (outstanding) रहा, की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुये लम्बित करों एवं बकाया पंचायत राजस्व राशियों की अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत शीघ्र वसूली हेतु नियमानुसार दुकानों के किराये से सम्बन्धित मांग व संग्रहण पंजिका का संधारण कर प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाये तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.3 दुकानों के किरायेदारों के साथ अनुबंध का कार्यान्वयन न करने बारे:-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा दुकानों के किरायेदारों के साथ किराये के सम्बन्ध में कोई भी लिखित अनुबंध का कार्यान्वयन नहीं किया गया था और न ही पंचायत के पास इससे संबंधित सम्पूर्ण अभिलेख अर्थात माहवार दर तथा नियम व शर्तें इत्यादि उपलब्ध थी जिस कारण मासिक किराये की पुष्टि अंकेक्षण के दौरान सम्भव नहीं हो सकी, जिसके अभाव में पंचायत हितों की सुरक्षा सम्भव नहीं है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 06/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 59 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमानुसार आबंटियों/किरायेदारों के साथ अनुबंध/करार कर लिया जाएगा तदुपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण तर्कसंगत नहीं है।

अत: दुकानों के आबंटियों/किरायेदारों के साथ किराये का अनुबंध न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत पंचायत हितों की सुरक्षा हेतु नियमानुसार अब प्राथमिकता के आधार पर विशेष कार्रवाई अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

ANNUAL REPORT

8. व्यय

**8.1 आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण सरकार को रॉयल्टी के रूप में राशि ₹0.36 लाख के राजस्व की संभावित वित्तीय हानि:-**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम, 2015 के नियम 81 व 81 ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी सहित करना होगा।

अंकेक्षण के दौरान व्यय चयनित माह 05/2022 व 02/2024 के बिल एवं वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा रेत, बजरी, पत्थर की खरीद की गई थी परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता के खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति के सम्बन्ध में उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं को **परिशिष्ट - " छ"** पर संलग्न विवरणानुसार **₹ 35,586.00** का संभावित अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 07/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 60 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों के साथ ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) सुनिश्चित नहीं किया गया व आपूर्तिकर्ता से ट्रांजिट पास (फार्म-डब्ल्यू) या सप्लीमेंट्री पास (फार्म-एक्स) प्राप्त कर अंकेक्षण को प्रस्तुत कर दिये जाएंगे अथवा राशि **₹35,586.00** की वसूली आपूर्तिकर्ता से करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः राशि **₹35,586.00** के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इस संबंध में किसी संशय की स्थिति हेतु संबंधित विभाग से संपर्क/पत्राचार कर तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को

अवगत करवाया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हि. प्र. सरकार के आय लेखा शीर्षक "0853-Nonferrous mining and Metallurgical Industries, 102-Mineral Concession fees and Royalties, 81-Other receipts" में जमा करवाया जाए।

इसके अतिरिक्त यहाँ पर यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अंकेक्षण द्वारा केवल चयनित माह के भुगतानों को रॉयल्टी के लिये जांचा गया है। शेष अवधि में हुए ऐसे भुगतानों की जांच अपने स्तर पर करके वस्तुस्थिति, नियमानुसार देय रॉयल्टी की वसूली करना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.2 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही ₹4.15 लाख के स्टॉक/स्टोर का क्रय करना:-**

ANNUAL REPORT

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकताओं तथा निविदायें (Quotations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि औपचारिकतायें प्रावधित हैं।

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह 05/2022 व 02/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि पंचायत द्वारा राशि **₹4,15,240.00** के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जिसका पूर्ण विवरण **परिशिष्ट " ज "** में दिया गया है। जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 07/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 60 दिनांक 16.07.2024 द्वारा बताया गया कि नियमों की जानकारी के अभाव में केवल एक ही अखबार में विज्ञापन दिया गया जिसे भविष्य में सुधार लिया जाएगा व नियम अनुसार ही विज्ञापन दिया जाएगा तथा कुछ कार्यों में आकस्मिकता के कारण उस समय निविदायें नहीं ली जा सकी व भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि को नहीं दोहराया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये इस को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाने उपरान्त ही स्टॉक/स्टोर का क्रय,भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.3 मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई हेतु राशि ₹0.03 लाख के अपेक्षाकृत अधिक भुगतान की अंकेक्षण के दौरान वसूली बारे:-**

ANNUAL REPORT

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई का कार्य किया गया, जिससे संबंधित बिल/वॉउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि आपूर्तिकर्ता को निविदा में अंकित दर से अधिक दर पर भुगतान के कारण **₹2,600.00** का अधिक भुगतान किया गया था, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:-

| क्र० सं० | आपूर्तिकर्ता | वा० सं० / दिनांक | बिल सं०/ दिनांक | मद का नाम | मात्रा | निविदा में अंकित दर | अधिक भुगतान की गई दर | अधिक भुगतान की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋषि कुमार | 88 / 25.10.2023 | 927 / 07.05.2023 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 2 | ऋषि कुमार | 89 / 25.10.2023 | 929 / 07.05.2023 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 3 | ऋषि कुमार | 90 / 25.10.2023 | 2355 / 21.06.2023 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 4 | ऋषि कुमार | 91 / 25.10.2023 | 2343 / 22.05.2023 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 5 | ऋषि कुमार | 123 / | 913 / | बोर्ड पेंटिंग | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 29.02.2024 | 09.01.2024 | एवं लिखाई सहित | | | | |
| 6 | ऋषि कुमार | 125 / 29.02.2024 | 203 / 09.01.2024 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 7 | ऋषि कुमार | 126 / 29.02.2024 | 914 / 09.01.2024 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 8 | ऋषि कुमार | 146 / 23.06.2023 | 2345 / 22.08.2022 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 9 | ऋषि कुमार | 147 / 20.06.2023 | 2356 / 14.02.2023 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 10 | ऋषि कुमार | 152 / 23.06.2023 | 928 / 22.08.2022 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 11 | ऋषि कुमार | 123 / 29.02.2024 | 929 / 07.05.2023 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 12 | ऋषि कुमार | 154 / 20.06.2023 | 2346 / 22.08.2022 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| 13 | ऋषि कुमार | 155 / 20.06.2023 | 2341 / 22.08.2022 | बोर्ड पेंटिंग एवं लिखाई सहित | 1 | ₹1,200.00 | ₹1,400.00 | ₹200.00 |
| | | | | | | | **कुल योग** | **₹2,600.00** |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 07/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 60 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को बताया गया कि **₹2600.00** की वसूली आपूर्तिकर्ता ऋषि कुमार से बावत रसीद संख्या 0253979 दिनांक 16.07.2024 द्वारा कर ली गई है व प्राप्त राशि को सभा निधि खाता बैंक संख्या 20141006853 में जमा करवा दिया गया है और भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि को नहीं दोहराया जाएगा।

अंकेक्षण के दौरान उक्त वसूली से संबंधित रसीद एवं बैंक पास बुक से जमा राशि की पुष्टि कर ली गई है, जिसे सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा कर कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि न दोहराई जाये।

**8.4 बिल / वाउचरों के भुगतान हेतु पारित आदेश सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूरा न करना:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 49(1) में पंचायत द्वारा भुगतान आदेश जारी करने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित माह 05/2022 व 02/2024 के दौरान बिलों के भुगतान हेतु उपरोक्त नियम की औपचारिकताओं को पूरा नहीं किया गया था, जिनमें से चयनित माह के व्यय का विवरण निम्न दिया गया है।

| क्र० स० | वर्ष | चयनित माह | चयनित माह में पारित बिलों की कुल राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2022-23 | 05/2022 | **5,94,426.00** |
| 2. | 2023-24 | 02/2024 | **5,96,465.00** |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 07/2024/फरेढ़ दिनांक 16.07.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर क्रमांक 60 दिनांक 16.07.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस त्रुटि को भविष्य में नहीं दोहराया जाएगा।

अतः परामर्श दिया जाता है समस्त भुगतान बिलों की अदायगी हेतु उपरोक्त नियम की औपचारिकताओं को पूरा करना सुनिश्चित किया जाए तथा सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ।

**9. मस्ट्रोल को जारी करने तथा उसके अभिलेखन व अनुरक्षण करने में प्रतिपादित नियमों की अवहेलना बारे :-**

**9.1 मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्यों के राशि ₹3.62 लाख के मस्ट्रोलों को भुगतान हेतु पारित न करना, मस्ट्रोल का निर्माण एवं सतर्कता कमेटी से सत्यापन न करना और बिना संयुक्त अदायगी आदेश के मस्ट्रोल का भुगतान करना:-**

ANNUAL REPORT

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 102(1 से 7) में मस्ट्रोल को जारी करने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित हैं, नियम 93(1) तथा 108 के अनुसार मस्ट्रोल का सहभागी कमेटी व सतर्कता कमेटी से सत्यापन करवाना प्रावधित है व नियम 49(1) में पंचायत द्वारा भुगतान आदेश जारी करने सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

